दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

शराब दुकानें कल से 28 तक रहेंगी बंद

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी रायपुर में कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के चलते कलेक्टर एस भारती दासन ने राजधानी की शराब दुकानों को 22 से 28 जुलाई तक बंद रखने का फैसला लिया है। इस संबध में कलेक्टर एस भारती दासन और एसएसपी अजय यादव ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि उक्त फैसला कोरोना के लगातार बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए लिया गया है। इस बार लॉकडाउन में ज्यादा सख्ती बरती जाएगी और लॉकडाउन के दौरान शराब दुकानें बंद रखी जाऐंगी। उन्होंने बताया कि सिर्फ आवश्यक वस्तुओं की दुकानें ही निर्धारित समय के लिए खुलेंगी इसके अलावा सिर्फ मेडिकल दुकानों को 24 घंटे खुला रखनें की अनुमति होगी।

श्री शिवम कपड़ा शो-रूम में मिले 12 कोरोना पाजिटिव

रायपुर। श्री शिवम शोरुम में 12 लोग कोरोना पाजिटिव मिलने से हडकंप मच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पण्डरी स्थित श्री शिवम कपड़े का शो-रुम में 12 लोग कोरोना पाजिटिव पाये गये है। बताया जा रहा है की श्री शिवम शोरुम में करीब 100 कर्मचारी काम करते है इनमें से 2 कर्मचारी पहले कोरोना पाजिटिव पाये गये थे। इसके बावजूद भी शो-रुम को चालू रखा गया था,जिसके चलते 12 लोग संक्रमित हो गये है। प्रशासन ने मीड़िया के हवाले से जानकारी दी है कि श्री शिवम शोरुम में कपड़ा खरीदने वाले ग्राहक जो अभी कुछ दिनों पहले तक गये हुये है उन्हें होम क्वारांटाईन रहने व अपने क्षेत्र के पार्षद या संबंधित थाने में सुचित करने को कहा गया है।

मप्र के राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर नेताप्रतिपक्ष कौशिक ने गहरा दुख व्यक्त किया

रायपुर(आरएनएस)। मध्यप्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री कौशिक ने कहा कि राज्यपाल श्री टंडन के जाने से हमने एक कुशल संगठन शिल्पी को खोया है। राज्यपाल श्री टंडन का आज तड़के लखनऊ के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनके बेटे आशुतोष टंडन ने उनके निधन की जानकारी ट्वीट कर दी।

बेटी बचाओ मंच ने किया जलाभिषेक

रायपुर (आरएनएस)। सुंदर नगर चौक बेटी बचाओ मंच ने सोमवार को डगनिया स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया । मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा सहित पदाधिकारी माधुरी शुक्ला, वैजयंती चतुर्वेदी ,शोभा तिवारी ,मीना सिन्हा, पुष्पा साहू ,रुक्मणी वर्मा ,अनीता यादव, लक्ष्मी धीवर ने कोरोना मुक्त देश व प्रदेश के साथ जन कल्याण के लिए प्रार्थना की।

नहर किनारे अधमरी हालत में मिली महिला

रायपुर(आरएनएस)। खरोरा क्षेत्र में नहर किनारे गंभीर हालत पड़ी महिला को देखकर आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना नजदीकी थाने को दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधमरी हालत में नहर किनारे पड़ी महिला को देखकर आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना एमबुलेंस वाहन को दिया। घटना स्थल पर एमबुलेंस पहुंचने के बाद चालक ने महिला को कोरोना होने के भय से ले जाने से इंकार कर दिया। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला कई घंटों से अधमरी हालत में नहर किनारे पड़ी हुई है किसी ने हत्या के नियत से उसे मारकर यहां छोड़ दिया है।

युवती से छेड़खानी कर किया मारपीट,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। साईकिल से जा रही महिला का हाथ-बांह पकड़कर बेईज्जत करने का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट माना कैम्प थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा निवासी पीड़िता 34 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सोमवार को विमानतल चौक माना में साईकिल से जाते समय विजय निचलानी ने प्रार्थिया का हाथ बांह पकड़ बेईज्जत करने का प्रयास किया,विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया।

जुआ खेलते 10 गिरफ्तार, हजारों रुपये एवं ताश की 52पत्ती जब्त

रायपुर (आरएनएस)। जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास नगदी 22 हजार 5 सौ 30 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त किया है।

पहला राज्य जहां शासन द्वारा गोबर खरीदकर किया जाएगा जैविक खाद का निर्माण: वन मंत्री

राजनांदगांव के ग्राम सलोनी में गोधन न्याय योजना का किया शुभारंभ, स्व-सहायता समूह को मिलेगा आय का साधन

रायपुर (आरएनएस)। हरेली तिहार के अवसर पर परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सलोनी में किसानों से गोबर खरीदकर गोधन न्याय योजना का शुभारंभ किया और कृषि यंत्रों की पूजा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री अकबर ने हरेली तिहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जहां गोबर खरीदने का निर्णय लेते हुए गोधन न्याय योजना आरंभ की गई है और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाकर इसका उपयोग जैविक खाद के रूप में खेती-किसानी में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 20 हजार गांव है और लगभग 11300 ग्राम पंचायत है, जिनमें 4300 गौठानों का निर्माण होना है। वहीं आज 2785 गौठानों में गोबर खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में यह कार्य विस्तारित रूप लेगा और किसान जैविक खाद खरीद सकेंगे तथा शेष खाद का उपयोग वन विभाग, कृषि विभाग एवं शासन द्वारा किया जाएगा। गोबर एकत्रित करने वाले किसान एवं स्व-सहायता समूह को आय का साधन उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर वन मंत्री अकबर को खुमरी पहनाकर स्वागत किया गया।वन मंत्री अकबर ने कहा कि शासन द्वारा किसानों के हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं। किसानों की कर्ज माफी करने के साथ ही पिछले वर्ष 25 सौ रूपए समर्थन मूल्य में 20 हजार करोड़ रूपए की धान खरीदी की गई। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन द्वारा 18 सौ रूपए समर्थन मूल्य घोषित किए जाने पर राज्य शासन ने राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों को अंतर की राशि की पहली किश्त प्रदान की। वही देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर किसानों को दूसरी किश्त की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी आबादी लगभग 65 लाख परिवार का राशन कार्ड बन गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के सिंचाई कर की माफी शासन की ओर से की गई है। इस अवसर पर उन्होंने गौठान परिसर में पौध रोपण भी किया। अन्त्यव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के चेयरमेन धनेश पाटिला ने कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक है।

मुख्यमंत्री ने पाटन में 102 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज दुर्ग जिले के पाटन में हरेली तिहार के अवसर पर गोधन न्याय योजना की शुरूआत के साथ ही 102 करोड़ रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें लगभग 85 करोड़ रुपए की लागत वाले 435 कार्यों के भूमिपूजन तथा 16 करोड़ रुपए लागत वाले 178 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने ग्राम सिकोला में पथ वृक्षारोपण का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पंचायत पाटन में जनसुविधाओं के लिए एक करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से कराए गए विभिन्न विकास एवं निर्माण तथा एक करोड़ 83 लाख रुपए की राशि से पतोरा, ढौर, भानसुली और खुड़मुड़ा में निर्मित नलजल आवर्धन योजनाओं का लोकार्पण किया। पाटन में दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्ट्रीट लाइट तथा 7 करोड़ 41 लाख रूपए की लागत से 170 नग सोलर ड्यूल पंप लगाए जाने के कार्यों का लोकार्पण भी हुआ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर पांच करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से नकटा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, 2 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से हनुमान तालाब का गहरीकरण तथा वार्ड क्रमांक 5 में मल्टी परपस इंडोर स्पोर्ट्स हाल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से इसी वार्ड में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य भी होगा। 21 लाख 55 हजार रुपए की लागत से प्रेस क्लब के भवन और 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कृषक सदन, एक करोड़ 26 लाख रूपए की लागत वाले जनपंचायत संसाधन केन्द्र भवन के साथ ही झीट, मर्रा और सांतरा में भी धान संग्रहण केंद्र के निर्माण की आधारशिला रखी गई। मुख्यमंत्री ने पाटन ब्लाक के 19 गांवों में 4 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से 19 नलजल योजनाओं की आधारशिला रखी।

लॉकडाउन में छूट की समय बढ़ाने का अनुरोध

कोरबा (आरएनएस)। चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बाल्को के अध्यक्ष सुमेर डालमिया ने कलेक्टर किरण कौशल से आग्रह किया है कि छोटे व्यापारियों और जनभावनाओं को देखते हुए लॉकडाउन में छूट की समयावधि दोपहर 2 बजे अथवा सायं 5 बजे तक बढ़ाने के संबंध में सद्भावना पूर्वक विचार कर आवश्यक निर्देश जारी करें।

उन्होंने कहा है कि कोरबा जिले में कोविड.19 कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन आपके कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में पूर्णत सफल हुआ है। तत्पर और त्वरित कार्यवाही का ही परिणाम हैं कि कोरबा जिले के निवासी इस संक्रामक बीमारी की चपेट में आने से सुरक्षित हैं। कोरोना संक्रमण को उसके फैलाव वाले क्षेत्र में ही रोक कर जिस प्रशासनिक कार्यक्षमता का आपने उदाहरण प्रस्तुत कियाए उसकी सर्वत्र सराहना आज भी हो रही है। कुशल रणनीति के कारण वर्तमान में सिर्फ च रेंटाइन सेंटर में ठहराए गए प्रवासी मजदूरों में से कुछ की ही रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आ रही है।

उन्होंने कहा है कि दीगर जिलों में वहां के निवासियों और आने-जाने वालों की लापरवाही की वजह से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं जिसके कारण एक बार पुन पूर्ण लॉकडाउन की स्थिति निर्मित हुई है। कोरबा जिला भी इससे अछूता नहीं है और आपके निर्देशानुसार 22 से 28 जुलाई 2020 तक पूर्ण लॉकडाउन के निर्देश जारी किए गए हैं। अति आवश्यक सेवाओं में प्रातरू 6 से 10 बजे तक की छूट दी गई है।

---

40 लाख के ईनामी नक्सली गणेश उइके के बैलाडीला क्षेत्र में होने की सूचना

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के किरन्दुल थाना क्षेत्र के बैलाडीला तराई क्षेत्र में 40 लाख के ईनामी नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी सदस्य गणेश उइके उर्फ गणेश उर्फ राजेश तिवारी उर्फ बनरू दादा उर्फ गजराला रवि के होने की सूचना पुलिस को मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी सदस्य गणेश उइके के बैलाडीला के तराई क्षेत्र में होने सूचना पुलिस विभाग को दिया गया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आलनार लौह अयस्क की पहाड़ी का लीज आरती स्पंज स्टील को दिये जाने के बाद यहां माईनिंग का कार्य शुरू होना है, जिसकी लेव्ही वसूली के लिए नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी सदस्य गणेश उइके के बैलाडीला की तराई में आने को जोड़कर देखा जा रहा है।

रायपुर रेल मंडल ने अपनी 13 ट्रेनों के 375 कोचों में 1400 बायो टॉयलेट लगाये

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय रेल 'स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल' पहल के अंतर्गत विभिन्न कदम उठाए हैं जिसमें से एक है बायो टॉयलेट भी शामिल हैं। रायपुर रेल मंडल ने अपनी 13 ट्रेनों के 375 कोचों में 1400 बायो टॉयलेट लगाये है।

विदित हो कि भारतीय रेल में सत्र 2019-20 के दौरान 14,916 रेल डिब्बों में 49,487 जैव-शौचालय (बायो टॉयलेट)लगाए गए। इसके साथ ही 100 फीसदी कवरेज के साथ 68,800 कोचों में लगाए गए जैव शौचालयों की संयुक्त संख्या 2,45,400 से अधिक हो गई है।

रायपुर रेल मंडल की बात करें तो रायपुर रेल मंडल ने अपनी लगभग 13 गाड़ियों दुर्ग - जम्मूतवी- दुर्ग ,अजमेर -दुर्ग - अजमेर ,दुर्ग-राजेंद्रनगर- दुर्ग ,दुर्ग-अंबिकापुर- दुर्ग ,दुर्ग-कानपुर-दुर्ग सहित सभी गाड़ियों में लगभग 375 कोचों में 1400 जैव शौचालय (बायो टॉयलेट) लगाए हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता एवं पटरियों पर वेस्ट प्रोडक्ट भी नहीं दिखता साथ ही बायो टॉयलेट में लगे बैक्टीरिया वेस्ट मटेरियल को डस्ट पाउडर के रूप में बदल देते है। रेल यात्रियों से अपेक्षाएं है कि यात्रियों द्वारा बोतल, चाय के कप, कपडे, नेपकिन, पोलिथीन व गुटखा पाउच इत्यादि को टॉयलेट पैन में डालने के कारण बायो-टॉयलेट जाम हो जाता है,और सुचारू रूप से कार्य नहीं करता है । अतः कृपया शौचालय में बोतल, चाय के कप, कपडे,नेपकिन, पोलिथीन व गुटखा पाउच इत्यादि ना डाले । हर बायो-टॉयलेट टैंक के कोच के टॉयलेट में एक डस्टबिन भी रखा गया है जिसमें कूड़े इत्यादि को डाला जा सकता है। इस बायो-टॉयलेट स्टील टैंक की संरचना कुल 06 भागो में की गयी है। जिससे कि बायो डीग्रीषण सफलतापूर्वक हो। इस टैंक के निर्माण में स्टील की आधार प्लेट, अलग अलग खंड वाले प्लेट, बॉल वाल्व और पी ट्रैप का उपयोग किया गया है तथा टॉयलेट पैन को रबर ट्युब के साथ जोड़कर लगाया गया है। बायो-टॉयलेट टैंक को कोच के अंडर फ्रेम में लगाया गया है एवं इसी टैंक में बेक्टेरिया द्वारा मल-मूत्र को नष्ट करके हानिरहित पानी बाहर निकाला जाता है। रेल यात्रियों द्वारा टॉयलेट के उपयोग के पश्चात् उत्सर्जित मल मूत्र पी ट्रैप पाइप के माध्यम से टैंक के अंदर जाता है तथा टैंक में पूर्ण रूप से भरे हुए बेक्ट्रिया कल्चर(इनोकुलुम) के द्वारा मल मूत्र को बायोलॉजिकल पद्धति के द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। मल मूत्र को टैंक में ही साधारण पानी और गैस में परिवर्तित कर दिया जाता है। बायो टॉयलेट में उत्पन्न

गैस टैंक से बाहर निकल जाती है और हानिरहित पानी क्लोरिन चेम्बर से होकर बहार निकल जाता है।

लॉकडाउन : इस बार किराना की दुकानें भी रहेंगी बंद

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में लगातार बढ़ रहे कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए 22 जुलाई से लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया है। लॉकडाउन इस बार पहले से भी सख्त होगा। इस दौरान दुध,सब्जी व फल एवं पेट्रोल पंप को छोड़कर सभी दुकानें बंद रहेंगी यहां तक कि किराना की दुकानें भी खोलने की अनुमति नही होगी। मेडिकल दुकानों को 24 घंटे खोलने की अनुमति होगी। इस सबंध में सोमवार को कलेक्टर एस भारती दासन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर जानकारी दी।

कलेक्टर भारतीदासन और एसएसपी अजय यादव ने कहा कि यह फैसला कोरोना के लगातार बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार लॉकडाउन में ज्यादा सख्ती बरती जाएगी।

गोबर से निर्मित वर्मी कम्पोस्ट बाजार मे बिकेगा आठ रूपए प्रतिकिलो की दर से

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में हरेली पर्व के साथ गोबर खरीदी योजना शुरू हो गई है, निश्चित रूप से इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में काफी हद तक सुधार होगा। वहीं दूसरी ओर इससे तैयार वर्मी कम्पोस्ट को बाजार में 8 रूपए प्रति किलो की दर से बेचा जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को नया रोजगार भी मिलेगा।

इस योजना के तहत गौठान समितियों द्वारा गांव-गांव में पशुपालकों से खरीदे गये गोबर से तैयार वर्मी कम्पोस्ट को आठ रूपये प्रति किलो की दर से बेचा जायेगा। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट बनाने का काम स्थानीय स्व सहायता समूह करेंगे। इन समूहों को कृषि विज्ञान केंद्र और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत वर्मी कम्पोस्ट बनाने का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

गौठानों में बनी खाद दो, पांच और तीस किलो की आकर्षक पैकिंग में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। राज्य शासन ने गौठानों में खाद उत्पादन और उसकी मार्केटिंग के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश जारी किये हैं। ग्राम पंचायत के गांवों में पशुओं की संख्या और गोबर की उपलब्धता के आधार पर संबंधित गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए वर्मी टांके बनाये जायेंगे। वर्मी टांके बनाने के काम में भी स्थानीय ग्रामीणों को मनरेगा और आरईएस के माध्यम से रोजगार मिलेगा।

लाकडाउन से पहले खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी बाजारों की ओर

रायपुर (आरएनएस)। 22 से 28 जुलाई के मध्य रायपुर एवं बिरगांव पालिका क्षेत्र में एक हफ्ते का कड़ा लाकडाउन लगाया जा रहा है। उक्त अवधि में घर में आवश्यक सामानों की खरीददारी के लिए आज सुबह से ही खरीददारों की भीड़ बाजारों की ओर दौड़ पड़ी। सुबह से ही शहर के मुख्य बाजार मालवीय रोड, गोल बाजार, सदर बाजार, गुढ़ियारी, माल्स आदि में लोगों की आपाधापी के बीच खरीददारी का कार्य जारी रहा।

ज्ञातव्य है कि तीन अगस्त को भाई बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन रायपुर सहित देश प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाता है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोरोना वायरस महामारी कोविड-19 की स्थिति में संक्रमण से बचाने के लिए प्रदेश शासन को मरीजों की संख्या में नियंत्रण करने के लिए उक्त निर्णय लेना पड़ा है। बाजारों में उमड़ी भीड़ को देखकर सहज रूप से कहा जा सकता है कि लोग कोरोना वायरस महामारी के दौरान घरों में आवश्यक सामाग्री का एकत्रीकरण कर महफूज रहना चाहते हैं। वहीं व्यापारियों में कल से लग रहे लाकडाउन को लेकर मायूसी का माहौल है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु. सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथ्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल विरासत पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU